दिन– रविवार दिनांक– 14 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में नवीन पुलिस केन्द्र परिसर स्थित पुरूष सिपाही बैरक का आज उद्घाटन करेंगे।

03. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा की अठारह समितियों का किया गठन।

04. और, अंडर–19 क्रिकेट एशिया कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से। समस्तीपुर के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी। वे ऊर्जा संरक्षण संबंधी राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत करेंगी। यह आयोजन राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित नवीन पुलिस केन्द्र परिसर में केन्द्रीकृत रसोई–सह–भोजनालय और सात सौ क्षमता वाले पुरूष सिपाही बैरक का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा की अठारह समितियों का गठन कर दिया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभाध्यक्ष स्वयं नियम समिति, सामान्य प्रयोजन समिति और विशेषाधिकार समिति के सभापति होंगे। अधिसूचना के अनुसार लोक लेखा समिति के सभापति राजद के भाई वीरेन्द्र बनाये गये हैं जबकि भाजपा के नीतीश मिश्रा प्राक्कलन समिति के सभापति बनाये गये हैं। इसके अलावा सरकारी उपक्रम समिति के सभापति हरि नारायण सिंह, याचिका समिति के सभापति जनक सिंह, राजकीय आश्वासन समिति के सभापति दामोदर रावत, जिला परिषद और पंचायती राज समिति के सभापति शैलेश कुमार,

आचार समिति के सभापति संजीव चौरसिया और अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सभापति अख्तरूल इमान बनाये गये हैं।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि पटना को मॉडल राजस्व जिला के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने विभागीय बैठक में कहा कि राज्य में चौरानवे प्रतिशत लघु सीमांत किसान और छिहत्तर प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। श्री सिन्हा ने सभी लम्बित मामलों को अगले वर्ष इकतीस मार्च तक निपटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने भूमि सुधार उपसमाह्र्ताओं को अपने–अपने प्रखंडों की नियमित मॉनिटरिंग, पंचायत स्तर पर निरीक्षण और लम्बित मामलों के त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

---

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि हर गांव से चालीस किलोमीटर की दूरी पर फोरलेन सड़क होगी। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसी भी हिस्से से चार घंटे में राजधानी पटना पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रही है और इसका रोडमैप तैयार कर लिया गया है। श्री नवीन ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए आधारभूत संरचना के विकास पर तेजी से काम हो रहा है और प्रदेश में पांच नये हाई–वे का निर्माण चल रहा है।

---

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत अब तक चौंतीस हजार उनसठ किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सड़कों के माध्यम होने से चौबीस हजार से अधिक गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। गौरतलब है कि इस योजना की शुरूआत दो हजार तेरह में हुई थी।

---

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सरकार युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाओं पर एक साथ काम कर रही है। उन्होंने विभागीय बैठक में कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों, औद्योगिक विकास की दिशा और भविष्य की रणनीतियों को लेकर समन्वित प्रयास किया जा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि सरकार उद्योगों को आकर्षित करने के लिए मजबूत नीतिगत समर्थन, आधुनिक आधारभूत संरचना, भूमि उपलब्धता और वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि बिहार को पुष्प उत्पादन का नया केन्द्र बनाया जायेगा। इसके लिए सरकार फूलों की खेती करने वाले किसानों को मदद करेगी। उन्होंने पटना में कहा कि राज्य सरकार ने गेंदा फूल उत्पादन को बढ़ाया देने के लिए आठ करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। श्री यादव ने कहा कि कृषि विविधिकरण और बागवानी आधारित कृषि को बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप राज्य सरकार फूल की खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर रही है।

---

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि हस्तशिल्प उद्योग लगभग पचास हजार करोड़ रुपये का निर्यात करता है और जल्द ही इसके एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज के युवा पारंपरिक शिल्प को समझते हैं और ऐसे समकालीन उत्पाद तैयार कर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक हैं। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने हब एंड स्कोप मॉडल के अंतर्गत एक सौ कारीगरों के साथ साझेदारी की है ताकि हस्तशिल्प उत्पादों का विश्व भर में निर्यात किया जा सके।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद से किसी को लाभ नहीं होता और केवल शांति ही विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने इकतीस मार्च, दो हजार छब्बीस तक नक्सलवाद को समाप्त करने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

———बाईट———

हमने तय किया था 31 मार्च 2026 के पहले समग्र देश से लाल आतंक को खत्म कर देंगे। और आज बस्तर ओलंपिक 2025 में हम इसके कतार पर खड़े हैं।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो दिनों के दौरान ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। विभाग ने कहा है कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा भी छाया रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज सात दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को प्रशासनिक सुधार, तकनीकी नवाचार और गुणवत्ता प्रबंधन के लिए तीन आईएसओ प्रमाण पत्र मिले हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद

किशोर ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला बिहार बोर्ड देश का पहला विद्यालय परीक्षा बोर्ड बन गया है।

---

राज्य सरकार युवाओं को जापानी, जर्मन, कोरियाई और अरबी भाषा का निःशुल्क प्रशिक्षण देगी। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि स्नातक उत्तीर्ण युवाओं के अलावा इंजीनियरिंग, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक और आईटीआई पास युवाओं को विदेशी भाषा सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि कौशल विकास मिशन की ओर से पटना के दशरथ मांझी श्रम और नियोजन अध्ययन संस्थान में विदेशी भाषाओं की पढ़ाई की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए पात्र छात्रों को निबंधन करवाना होगा। श्री आनंद ने बताया कि युवाओं को रोजगार और नौकरी के नये अवसर उपलब्ध कराने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

---

अंडर–19 क्रिकेट एशिया कप में आज भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ होगा। यह मैच दुबई में भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। समस्तीपुर के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से सभी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का तीसरा टी–ट्वेंटी मुकाबला आज हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेला जाएगा। यह मैच शाम सात बजे शुरू होगा। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीम फिलहाल एक–एक की बराबरी पर हैं।

---

पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलीटीक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग की पांच सौ मीटर दौड़ में केन्द्रीय सचिवालय दिल्ली की भारती ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पुरूष वर्ग का स्वर्ण दिल्ली के राहुल ने प्राप्त किया। इधर, आठ सौ मीटर दौड़ के महिला वर्ग में आरएसबी मुम्बई की यमुना लाडकट ने स्वर्ण और बिहार की शिवानी कुमारी ने रजत पदक जीता। आठ सौ मीटर पुरूष दौड़ में केन्द्रीय सचिवालय दिल्ली के राहुल ने स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में देशभर के एक हजार चौरासी सिविल सेवक एथलीट और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

---

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि डाकिए विश्वास का सेतु रहे हैं, जो बैंकिंग, बीमा और सरकारी सेवाएं भी घर–घर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि डाकियों ने ग्रामीण भारत को जोड़ने और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री सिंधिया ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश में एक लाख पैंसठ हजार से ज़्यादा डाकघर लगभग साढे छह लाख गांवों को सेवाएं दे रहे हैं।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि ड्यूटी से गायब डॉक्टर बर्खास्त किये जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने ड्यूटी से गायब डेढ़ सौ डॉक्टरों से पन्द्रह दिन के अंदर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। विभाग ने कहा है कि ड्यूटी पर नहीं लौटने वाले डॉक्टरों को बर्खास्त किया जाएगा।

---

रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने सासाराम नगर थाना परिसर में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में आम लोगों की समस्या सुनी। एसपी ने अधिकारियों को इन मामले में विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

---

पश्चिम चम्पारण के जिलाधिकारी तरणजोत सिंह ने लौरिया प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लौरिया चीनी मील, बाढ़ नियंत्रण से सबंधित कार्य, किसानों को दी जा रही सहायता और अन्य विकासात्मक कार्यों जायजा लिया।

---

जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आठ सौ आठ मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया गया। वहीं, खगड़िया व्यवहार न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में चौदह सौ नवासी मामलों का निष्पादन किया गया।

---

पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने खगड़िया में बन रहे अगुवानी–सुल्तानगंज पुल परियोजना के निर्माण कार्य का हवाई और स्थलीस निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की उपलब्धि पर लिखा है– बिहर बोर्ड को आईएसओ प्रमाणपत्र। देश में पहली बार किसी परीक्षा बोर्ड को ऐसी उपलब्धि हासिल हुई।

दैनिक जागरण ने इंडिगो संकट पर लिखा है– मनमानेपन के लिए पांच सौ करोड़ कीमत चुकाएगा इंडिगो, देना होगा मुआवजा।

दैनिक भास्कर लिखता है– कोहरे के कारण विमान रद्द या अधिक लेट होने पर मिलेगा खाना।

प्रभात खबर की सुर्खी है–सीवान में शराब तस्करों का दुस्साहस, पीछा कर रहे सैप जवान को रौंद का मार डाला।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में नवीन पुलिस केन्द्र परिसर स्थित पुरूष सिपाही बैरक का आज उद्‌घाटन करेंगे।

03. विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विधानसभा की अठारह समितियों का किया गठन।

04. और, अंडर–19 क्रिकेट एशिया कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से। समस्तीपुर के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।